कार्यालय अति0 जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, बारां

जिला स्तरीय शिक्षा संकुल, नगरपालिका कॉलोनी बारां,
e-mail : rajssa_baran@yahoo.co.in
smsabaran@gmail.com

क्रमांकः अजिपस / सशि / बारां / बालिकाशिक्षा / 2021–22 / 234 दिनांकः 01.10.2021

समस्त पीईईओ
जिला बारां

विषय— बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला —अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस—11 अक्टूबर, 2021 हेतु अपने पीईईओ क्षेत्र से मेधावी एवं विशेष उपलब्धि प्राप्त बालिकाओं के नाम भेजने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः— राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर के आदेश कमांक—रास्कूशिप / जय / बालिका शिक्षा / 2019—2020 / 3555 दिनांक—15.09.2021

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्रानुसार लेख है कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय कार्यशाला —अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस—11 अक्टूबर, 2021 के अवसर पर जिला स्तर पर बालिकाओं को प्रोत्साहन के उद्देश्य से जिला स्तरीय बालिका सशक्तिकरण कार्यशाला " मेरी बेटी—मेरा सम्मान" का आयोजन किया जाना है। इसमें किशोरी शैक्षिक उत्सव में विजेता बालिकाओं को सम्मानित किये जाने के साथ—साथ प्रत्येक केजीबीवी / राजकीय विद्यालय / मॉडल स्कूल से प्रतिभावान, श्रेष्ठ उपलब्धि प्राप्त / विशेष क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देनेवाली, मेधावी एवं विशेष उपलब्धि (खेल, सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं एवं सामाजिक सरोकार्य में श्रेष्ठ) प्राप्त छात्राओं को सम्मानित किया जाना प्रस्तावित है।

इस सम्बन्ध में जिले के समस्त पीईईओ को आदेशित किया जाता है कि अपने पीईईओ परिक्षेत्र में मेधावी एवं विशेष उपलब्धि (खेल, सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं एवं सामाजिक सरोकार्य में श्रेष्ठ) प्राप्त, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली बालिका का नाम प्रस्तावित करें साथ ही प्रस्तावित बालिका की केस स्टडी (डिजिटल मय फोटोग्राफ, शार्ट वीडियो क्लिप्स) भी तैयार कर पेनड्राईव में व्यक्तिशः उपस्थित होकर समग्र शिक्षा बारां में कार्यक्रम अधिकारी को 04.10.2021 तक अनिवार्यतःजमा करावें, ताकि कार्यशाला में सहीागिता करने वाले जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विभागीय अधिकारियों के समक्ष वीडियो क्लिप्स द्वारा बालिका की प्रतिभा का प्रदर्शन किया जा सके। किसी पंचायत क्षेत्र से किसी बालिका का नाम / मांगी गई केस स्टडी के अभाव में वंचित रहती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित पीईईओ की होगी।

इसे अति आवश्यक समझें।

नोटः— कार्यशाला स्थल, एवं चयनित छात्राओं के बारे में पृथक से सूचना दी जाएगी।

(रामावतार रावल)
अति0 जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा, बारां

क्रमांकः अजिपस / सशि / बारां / बालिकाशिक्षा / 2021–22 / 234 दिनांकः 01.10.2021

प्रतिलिपिः— सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. श्रीमान् उपायुक्त बालिका शिक्षा, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर
2. श्रीमान् मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, बारां।
3. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक को भेजकर लेख है कि उक्त सूचना के सम्बन्ध में अपने अधीनस्थ समस्त पीईईओ को निर्देशित करें।
4. रक्षित पत्रावली।

कार्यक्रम अधिकारी
समग्र शिक्षा, बारां

Scanned with CamScanner